हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 9 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

12 धधकने लगे आरती पर टिप्पणी की चिंगारी...


11 बावल से चंडीगढ़ के लिए एसी बस का संचालन...


# पानी को लेकर बढ़ेगी तकरार, रातों-रात तोड़ा एनएच पर बना रैंप, सुबह दोबारा रोका पानी का रास्ता

## भिवाड़ी से आने वाले पानी का रास्ता रोका था नपा प्रशासन ने, सोमवार की रात राजस्थान के अधिकारियों ने एक हिस्सा तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजस्थान के भिवाड़ी औद्योगिक एरिया से आने वाले दूषित पानी को रोकने के लिए दो साल पहले सोहना रोड पर बनाए गए रैंप को सोमवार की रात राजस्थान के लोगों ने जेसीबी की मदद से धराशाही कर दिया। रैंप टूटते ही वहां एकत्रित पानी सड़क पर फैलना शुरू हो गया। पता चलते ही नपा चेयरमैन कंवर सिंह ने अधिकारियों को सूचना देकर तोड़े गए रैंप के मलबे को वापस डलवाना शुरू कर दिया। इसके साथ ही राजस्थान से आने वाले पानी को लेकर दोनों राज्यों के बीच टकराव की आशंका पैदा हो गई है।

**प्रशासन का चला पंजा**

बरसाती पानी की आड़ में भिवाड़ी के औद्योगिक एरिया से भारी मात्रा में केमिकलयुक्त छोड़ दिया जाता है, जो सड़क किनारे होते हुए सीधे धारूहेड़ा कस्बे में प्रवेश करता रहा है। दोनों राज्यों की ओर से एक दशक से ज्यादा समय बीतने के बाद भी समस्या का पुख्ता हल नहीं निकाला जा सका है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने समस्या का हल निकालने के लिए कई बार दोनों राज्यों के शीर्ष अधिकारियों की संयुक्त बैठक बुलाई, परंतु समस्या का समाधान नहीं हो सका। जुलाई 2023 में तत्कालीन सीएम मनोहरलाल ने धारूहेड़ा पहुंचकर दूषित पानी का नजारा देखा था। उन्होंने भी दोनों राज्यों के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर समस्या का समाधान तलाशने के निर्देश दिए थे। इसी बीच सीएम के आगमन पर नगर पालिका चेयरमैन कंवरसिंह ने प्रशासन के सहयोग से लगभग 7 लाख रुपये की लागत से एनएच-919 पर पांच फीट ऊंचा बांध बनवा दिया था। बांध बनने के साथ ही राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों के लोगों की समस्या बढ़ गई थी। धारूहेड़ा तक पहुंचने की बजाय राजस्थान का पानी उसी की सीमा में एकत्रित होना शुरू हो गया। इससे सोहना नेशनल हाइवे पर यातायात बुरी तरह प्रभावित होने लगा।




रेवाड़ी। सोहना रोड पर तोड़ा गया हरियाणा का रैंप व रेवाड़ी। सोहना रोड पर तोड़ा गया रैंप व गुजरते वाहन।

### देर रात जेसीबी लेकर पहुंचे कई लोग

सोहना रोड पर बनाए गए रैंप को तोड़ने के लिए रात को करीब 2 बजे राजस्थान के काफी लोग जेसीबी मशीन लेकर पहुंच गए। जेसीबी मशीनों ने रैंप का एक हिस्सा तोड़ दिया, जिससे राजस्थान की ओर एकत्रित पानी एक बार फिर से धारूहेड़ा की सीमा में प्रवेश कर गया। रैंप तोड़े जाने की सूचना मिलने के बाद नपा चेयरमैन कंवरसिंह यादव मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मंगलवार सुबह अधिकारियों को रैंप तोड़े जाने की बात से अवगत कराया। इसके बाद अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए।

### डीएसपी और एसडीएम पहुंचे धारूहेड़ा

रात के समय रैंप तोड़े जाने की सूचना मिलने के बाद डीएसपी डा. रविंद्र कुमार और एसडीएम सुरेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए। दोनों अधिकारियों की मौजूदगी में नपा प्रशासन ने रैंप के मलबे को फिर से उसी स्थान पर डालने का कार्य शुरू करा दिया। मलबा डालने का कार्य पूरा होने के बाद अधिकारी तो वापस आ गए, परंतु दोनों राज्यों के बीच एक बार फिर से विवाद बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है। इस रैंप को लेकर पहले भी काफी विवाद हो चुका है।

### चुनावों के दौरान भी तोड़ने का प्रयास

*राजस्थान विधानसभा चुनावों के दौरान तिजारा से भाजपा प्रत्याशी रहे बाबा बालकनाथ जब भिवाड़ी व आसपास के गांवों में वोट की अपील करने पहुंचे, तो लोगों ने इस रैंप को तुड़वाने की मांग उठाई थी। बाबा बालकनाथ खुद जेसीबी मशीन लेकर रैंप तुड़वाने के लिए रात के समय पहुंच गए थे। इसकी सूचना मिलते ही जिला प्रशासन के अधिकारी भी वहां पहुंच गए थे। अधिकारियों की अपील पर बाबा बालकनाथ बिना रैंप तुड़वाए ही वहां से वापस चले गए थे।*

### केंद्रीय मंत्री ने जताई कड़ी आपत्ति

*गत 15 जून को सीएम नायब सिंह सैनी के आगमन पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के साथ-साथ तिजारा के विधायक बाबा बालकनाथ भी मंच पर मौजूद थे। राव ने अपने संबोधन में बाबा बालकनाथ के धारूहेड़ा में रैंप तुड़वाने के प्रयासों पर कड़ी आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था कि हम दूषित पानी रोकने के लिए रैंप बनवाते हैं और बाबा उसे तुड़वाने के लिए पहुंच जाते हैं। यह किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।*

### रात के अंधेरे में पहुंचे जेसीबी लेकर

*राजस्थान के लोग रात के अंधेरे में जेसीबी मशीनों के साथ आए थे। उन्होंने रैंप का एक हिस्सा तोड़ दिया। इस बात की जानकारी मिलते ही अधिकारियों को अवगत कराते हुए रैंप का मलबा उसी स्थान पर डलवाने का कार्य शुरू किया गया। राजस्थान के पानी को किसी भी सूरत में धारूहेड़ा में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।*
*कंवरसिंह यादव, चेयरमैन।*


रेवाड़ी। सोहना रोड पर रैंप तोड़ने के बाद मौजूद जिला प्रशासन।


रेवाड़ी। सोहना रोड पर रैंप तोड़ने के बाद मौजूद पुलिस अधिकारी।


सोहना रोड पर रैंप के लिए डाला गया मलबा व जमा पानी

## खबर संक्षेप

### देहज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गत वर्ष पुलिस को दर्ज शिकायत में जिले के एक गांव निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ति करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद दोनों पक्षों के बीच मीडिएशन के जरिए आपसी समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने पर पुलिस ने 4 मई को केस दर्ज किया था। इस मामले में हैदराबाद में रह रहे बोलनी निवासी कमल कुमार को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### हादसे के बाद फरार चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** कसोला थाना पुलिस ने गत 15 मई को दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर सड़क हादसे को अंजाम देने के बाद फरार हुए वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया। इस हादसे में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई थी। चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चालक की तलाश शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने यूपी के सराय कमालुदीन निवासी साहिद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद बाद पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### अश्लील हरकत करने का आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर महिला से अश्लील हरकत करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत 25 जून को एक गांव निवासी अशोक कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया था। केस दर्ज होने के बाद आरोपी फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी अशोक को गिरफ्तार कर लिया। उसे मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### चोरी का आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने गत वर्ष शहर में हुई चोरी की वारदात में शामिल एक आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत वर्ष 14 अक्टूबर को चोरी का केस दर्ज किया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चोरी की जांच शुरू की थी। जांच के बाद इस मामले में पुलिस ने महेंद्रगढ़ के बायल निवासी सोमदत्त उर्फ शूटर को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। वह अन्य मामले में जेल में बंद चल रहा है। आरोपी को पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया।

### रेवाड़ी-रींगस एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 11 से 27 तक

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से खाटू श्याम धाम के श्रद्धालुओं व यात्रियों की सुविधा के लिए रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 09633 रेवाड़ी-रींगस एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा 11 जुलाई, 12, 18, 19, 20, 23, 25 व 26 जुलाई को रेवाड़ी से रात 10:50 बजे रवाना होकर मध्यरात्रि बाद 1:35 बजे रींगस पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09634 रींगस-रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा 12 जुलाई, 13,19,20, 21, 24, 26 व 27 जुलाई को रींगस से दोपहर 2:20 बजे रवाना होकर शाम 5:20 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में अटेली, नारनौल, डाबला, नीम का थाना, कांवट व श्रीमाधोपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में डेमू रैक के 16 डिब्बे होंगे। रेलवे की ओर से खाटू श्याम धाम के श्रद्धालुओं व यात्रियों की सुविधा के लिए उठाया गया है यह कदम ताकि श्यामबाबा के भक्तों को न हो परेशानी।

# जिले में आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए खोले जाएंगे स्पेशल ट्रेनिंग सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला रेवाड़ी में सर्वे के दौरान 363 आउट ऑफ स्कूल बच्चों की पहचान हुई है। इन बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 12 स्पेशल ट्रेनिंग सेंटर खोले जाएंगे, जिनमें बच्चों को वॉलेंटियरों की ओर से शिक्षा मुहैया कराई जाएगी। एडीसी राहुल मोदी ने मंगलवार को शिक्षा विभाग के आउट ऑफ स्कूल बच्चों के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना संयोजक तथा खंड शिक्षा अधिकारी के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि विभाग के निर्देशानुसार सभी आउट ऑफ स्कूल बच्चों को मिड-डेमील व हेल्थ चैकअप जैसी सुविधा दी जाएं। एडीसी ने कहा कि छह माह के इस विशेष प्रशिक्षण के बाद सभी बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा।



■ अगले सप्ताह फिर से समीक्षा बैठक की जाएगी

इसमें विद्यालय स्तर से लेकर जिला स्तर पर सबकी अहम भूमिका रहेगी। एडीसी ने कहा ह ि सभी अधिकारी पूरी लगन से अपनी जिम्मेदारी निभाएं। एडीसी ने खंड शिक्षा अधिकारी बावल व रेवाड़ी को चिह्नित बच्चों के स्थान पर जाकर मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि समुचित व्यवस्था को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना संयोजक, समग्र शिक्षा तथा खंड शिक्षा अधिकारी की अगले सप्ताह फिर से समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर कार्यवाहक जिला शिक्षा अधिकारी-सह-जिला परियोजना संयोजक राजेन्द्र शर्मा, उप अधीक्षक प्रदीप कुमार, एपीसी कृष्ण, एपीसी हेमंत कुमार, एपीसी सुन्दर सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी बावल, जाटूसाना, खोल, नाहड़ व रेवाड़ी तथा बीआरपी रामानंद, सरिता कुमारी व ज्योति कुमारी उपस्थित थे।

### अमन कादयान ने सीजे वियतनाम ओपन में जीता कांस्य पदक

**रेवाड़ी।** ताइक्वांडों अकादमी के खिलाड़ी अमन कादयान ने वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडों टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया है।



प्रतियोगिता में भारत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अमन पिछले 10 वर्षों से अकादमी में ताइक्वांडों का प्रशिक्षण ले रहा हैं। अकादमी के निदेशक विनय कुमार सिंह ने कहा कि ये भारतीय ताइक्वांडों समुदाय के लिए गर्व की बात है।

# समाज में बेटियों को बेटों की तरह देना चाहिए पूरा मान-सम्मानः सरोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

बावल विस क्षेत्र के गांव झाबुआ निवासी राजेन्द्र व कमला देवी के घर पोती के जन्म पर कुआं पूजन समारोह का आयोजन कर खुशियां मनाई गई। पिछले दिनों से प्रशासन की ओर से भी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत गांवों में कार्यक्रम आयोजित कर लिंगानुपात बढ़ाने का संदेश दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से कन्या के जन्म पर परिवारों को सम्मानित करके प्रोत्साहित किया जा रहा है। कन्या के पिता विजेंद्र व मां सरोज देवी ने कहा कि वर्तमान में बेटियों के प्रति लोगों की सोच बदलती जा रही है। आज के समय में बेटियां भी बेटों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रही है, इसलिए समाज को बेटियों को बेटों की तरह पूरा मान-सम्मान देना चाहिए। इस मौके पर बलबीर सिंह, सविता देवी, मुकेश, पूनम देवी, राजू, किरण देवी, महेंद्र सिंह व लीला देवी सहित परिवार के सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।


रेवाड़ी। कन्या जन्म पर कुआं पूजने जाती महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

**कार्रवाई** | डीटीपी की कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर विकसित कर रहे नई कॉलोनियां

# डीटीपी की जेसीबी ने दो स्थानों पर छह एकड़ में अवैध कॉलोनी तोड़ी

■ प्रशासन की कार्रवाई से दिनभर मची रही अफरातफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने मंगलवार को गढ़ी बोलनी रोड व धारूहेड़ा की राजस्व सीमा में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम गढ़ी बोलनी रोड स्थित गांव डवाना के पास पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 3 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का ध्वस्त कर दिया। टीम ने 18 डीपीपी, 8 चारदिवारी को जमींदोज कर दिया। इसके अलावा डीटीपी की टीम ने धारूहेड़ा क्षेत्र में गांव पांचौर की राजस्व सीमा में अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की। टीम ने गांव पांचौर में 3 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में 9 डीपीसी व 3 चारदिवारी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की।




रेवाड़ी। अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ती जेसीबी व अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ती जेसीबी। *फोटो : हरिभूमि*

### प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर प्लॉट न खरीदें लोगः सिहाग

डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि विभाग की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिन्होंने अनियमित कॉलोनियों में निर्माण किए हैं। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।



# विजय ने टाइटैनिक से की अर्जुन रेड्डी की तुलना

**मुंबई।** साउथ स्टार विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म किंगडम को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस दौरान विजय ने अपनी सबसे बड़ी हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि वो नहीं चाहते कि लोग अर्जुन रेड्डी को भूल जाएं। जैसे मैं लियोनार्डो डिकैप्रियो की टाइटैनिक को हमेशा याद रखूंगा, लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि वह कोई और अच्छा काम नहीं कर सकते या नहीं करेंगे। लेकिन, वह हमेशा इससे जुड़े रहेंगे। इसलिए लोगों का मेरे साथ ऐसा रिश्ता हो सकता है और अर्जुन रेड्डी की वजह से उनका मेरे प्रति लगाव हो सकता है। इसलिए मैंने उस लड़ाई को एक तरफ रख दिया है।

लाइफ Style

# शेफाली
## हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की हुईं दीवानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शेफाली शाह ने इंस्टाग्राम पर सोमवार रात एक पोस्ट साझा की, जिसमें वह हॉलीवुड एक्टर के अभिनय को जमकर सराहा रही हैं। साथ ही लोगों से एक गुजारिश भी कर रही हैं। आखिर क्यों इस कदर शेफाली शाह पर ब्रैड पिट का खुमार छाया हुआ?

हाल ही में हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' रिलीज हुई। यह फिल्म भारत में भी कमाल का कलेक्शन कर रही है। फिल्म की कहानी फॉर्मूला वन रेसिंग के ईद-गिर्द घूमती है। इस फिल्म और ब्रैड पिट की तारीफ शेफाली शाह कर रही हैं। वह अपनी पोस्ट में लिखती हैं, 'अगर आपने फिल्म एफ1 नहीं देखी है, तो अभी जाइए। आपको स्पोर्ट्स में इंट्रेस्ट हो या न हो। चाहे आपको रेसिंग के बारे में कुछ पता हो या न हो, चाहे आपको रेसिंग कारों में दिलचस्पी हो या न हो, बस इसे देखने जाइए। शेफाली शाह आगे अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखती हैं, 'यह फिल्म रेसिंग के बारे में है। लेकिन, यह सफलता और असफलता के बारे में हैं। दोस्ती, जुनून और टीम बॉन्डिंग के बारे में है। फिल्म और इसकी कहानी के बारे में शेफाली तारीफों के पुल बांधती हैं। आखिर में वह लिखती हैं, 'ओह, मैंने ब्रैड पिट बारे में जिक्र नहीं किया? किया भी नहीं जा सकता है, क्योंकि कहने को तो मेरे पास शब्द ही नहीं हैं। ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 53.20 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया। इस फिल्म को भारतीय सिनेमाघरों में 11 दिन हो चुके हैं।



हॉलीवुड मसाला



# सुपरमैन 11 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी डीसी सिनेमैटिक यूनिवर्स की रीबूट 'सुपरमैन' फिल्म इस शुक्रवार, 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच अमेरिका में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। इसमें कुछ पत्रकार भी शामिल थे। हालांकि, मेकर्स ने फिल्म के रिव्यूज पर रिलीज तक रोक लगा रखी थी, लेकिन अमेरिकी वेबसाइट 'द डेली बीस्ट' ने इस पाबंदी को अनसुना कर 'सुपरमैन' का फर्स्ट रिव्यू शेयर कर दिया। मजेदार बात ये है कि समय रहते मेकर्स ने इसे वेबसाइट से हटवा दिया है।



# डकोटा को क्रिस के साथ लाने के लिए मां कर रही हैं प्रयास

**लॉस एंजिल्स।** डकोटा जॉनसन और क्रिस मार्टिन का अफेयर चर्चा में रहा है। लेकिन, बीते दिन आई इनके ब्रेकअप की खबर ने सबको चौंका दिया है। बताया गया कि कथित तौर पर करीब आठ साल साथ रहने के बाद दोनों ने अपने रिश्ते को खत्म कर दिया है। जबकि पहले की रिपोर्टों में ऐसा दावा किया गया था कि ये फैसला दोनों ने आपसी रजामंदी से लिया है। लेकिन, नई जानकारी के मुताबिक, दोनों के लिए ये ब्रेकअप मुश्किलभरा रहा है। अब डकोटा की मां ने इनके रिलेशनशिप पर रिएक्ट किया है। दरअसल, डकोटा जॉनसन की मां मेलानी ग्रिफिथ इनके ब्रेकअप को मानने के लिए तैयार ही नहीं हैं। उन्हें अभी भी लगता है कि इनका रिश्ता ठीक हो सकता है। 'मेलानी अपनी बेटी डकोटा के क्रिस के साथ इस बिखरे रिश्ते को सही करने की कोशिश कर रही हैं।



# बदनाम होकर भी नाम कमाने का गुमान

**मुंबई।** 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो पर पूरे देश में बवाल मचा था। समय रैना और उस विवादित एपिसोड में आए सभी गेस्ट रणवीर अल्लाहबादिया, अपूर्वा मखीजा और आशीष चंचलानी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। लेकिन, अपूर्वा का कहना है कि वो आभारी और खुश हैं कि ये विवाद हुआ। 'बदनाम हुए तो क्या नाम ना होगा...' ये कहावत अपूर्वा पर खूब फब रही है। खुद उनका भी कुछ यही कहना है। कुछ महीने पहले कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर जमकर विवाद हुआ था। इस विवादित एपिसोड में शामिल हुईं अपूर्वा को भी खूब खरी-खोटी सुननी पड़ी थी। अब 'द रिबेल किड' का कहना है कि वो बहुत खुश हैं कि ये विवाद हुआ। हालांकि, उन्होंने ये भी खुलासा किया कि अगर ये किसी और के साथ हुआ होता तो सह नहीं पाता।



# स्टार पत्नियों की कहानी दिखाएंगे मधुर

**मुंबई।** अपनी कहानियों के जरिए फैशन और ग्लैमर इंडस्ट्री के पीछे की कहानी दिखाने वाले निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर अब एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाने की कोशिश करेंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स'बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को उजागर करेगी। फिल्म मंगलवार से फ्लोर पर आ गई है। 'द वाइव्स' में सोनाली कुलकर्णी, मौनी रॉय, रेजिना कैसंड्रा, राहुल भट्ट, सौरभ सचदेवा, अर्जन बाजवा और फ्रेडी दारूवाला जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की मंगलवार से शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म को लेकर मधुर भंडारकर का कहना है कि 'द वाइव्स' के साथ मैं समाज की एक और ग्लैमरस परत को हटाना चाहता हूं।

टीवी मसाला



# 25 साल बाद सीरियल की वापसी कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई शूटिंग

**नई दिल्ली।** एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का सीजन भी जल्द टीवी पर टेलीकास्ट होगा। नए सीजन में भी दर्शकों को स्मृति ईरानी और अमर उपाध्याय, तुलसी और मिहिर के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही सीरियल में अपनी वापसी के बारे में स्मृति ईरानी ने भी ऑफिशियल स्टेटमेंट दिया है। इन दिनों सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की शूटिंग चल रही है। मगर, इस शूटिंग को पूरी तरह से सीक्रेट रखा जा रहा है। सेट पर मोबाइल फोन लाने की इजाजत नहीं है। बताया जा रहा है कि सभी एक्टर्स के फोन पर टेप चिपका दिए गए हैं, जिससे कोई जानकारी बाहर न जा सके। सेट पर काम करने वाले सभी लोगों से गोपनीयता का समझौता साइन करवाया गया है। स्मृति ईरानी को जेड-प्लस की सुरक्षा दी गई। नए सीजन की कहानी का जहां तक सवाल है तो इस बार फैमिली इमोशन के साथ सोशल, पॉलिटिकल मुद्दों को भी सीरियल में जोड़ा जाएगा। इस बार सीरियल के महज 150 एपिसोड ही दर्शकों को देखने को मिलेंगे। बताते चलें कि 25 साल पहले 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने लगभग 1000 से अधिक एपिसोड पूरे किए थे। नया सीजन मिड जुलाई में टेलीकास्ट होगा।

## राम गोपाल बजाज बने मंजू देवी के पिता

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' देश की सबसे हिट और पॉपुलर वेब सीरीज रही है, जिसके हर किरदार को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया है। हाल ही इसका चौथा सीजन आया, जिसकी खूब चर्चा रही। हालांकि, इस पर दर्शकों का



उतना प्यार नहीं बरसा, जितना पिछले तीन सीजन पर बरसा, पर एक नए किरदार ने सबका दिल जीत लिया। ये किरदार न होता, तो शायद 'पंचायत सीजन 4' अधूरा रहता। यह किरदार है नाना जी का, जो फुलेरा गांव की प्रधान मंजू देवी के पिता और बृजभूषण दुबे के ससुर हैं। पर जिसने यह किरदार निभाया, उस एक्टर के बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। एनएसडी वाले भी इनके पैर छूते हैं और दिवंगत स्टार इरफान से इनका कनेक्शन है। यह किरदार एक्टर राम गोपाल बजाज ने निभाया है, जो मशहूर थिएटर डायरेक्टर हैं। उन्होंने नाना जी के किरदार में अचानक से 'पंचायत 4' में एंट्री मारी और हर सीन लूट ले गए। उनकी पंच लाइन और डायलॉग्स ने भी दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर भी नाना जी की ही चर्चा ज्यादा हुई। 'आशीर्वाद कोई जादू-टोना थोड़ी ना है, जैसी करनी वैसी भरनी।', 'जो जैसा काम करेगा, वैसा फल पाएगा'...ये डायलॉग दर्शकों की जुबां पर चढ़ गए।

# रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से सजी है सैयारा की कहानी



**मुंबई।** यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी की जोड़ी पहली बार साथ आई है और उनकी ये पेशकश 'सैयारा' पहले से ही रोमांटिक फिल्मों के प्रेमियों में जबरदस्त हलचल मचा रही है। ट्रेलर के रिलीज के साथ ही ये फिल्म चर्चा में आ गई है। रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से भरी इस कहानी ने यंग जनरेशन का दिल जीत लिया है। अहान पांडे और अनीत पड्डा इस फिल्म से अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। 'सैयारा' का ट्रेलर जैसे ही सामने आया, सोशल मीडिया पर प्यार की बारिश होने लगी। ट्रेलर में एक युवा कलाकार और उसकी लेखिका के बीच पनपता प्यार दिखाया गया है, जो वक्त के साथ एक भावुक मोड़ लेता है। दोनों डेब्यू कलाकारों की केमिस्ट्री इतनी सच्ची और गहराई लिए हुए है कि दर्शक खुद को रोक नहीं पा रहे। कहानी में जिस तरह से प्रेम, दूरी और दर्द को बुना गया है, उसने लोगों की भावनाओं को झकझोर दिया।

### संगीत बना फिल्म की जान

इस फिल्म का म्यूजिक पहले ही सुर्खियों में है और आलोचकों से लेकर दर्शकों तक सभी इसकी तारीफ कर रहे हैं। सैयारा का टाइटल ट्रैक फ़हीम-अर्सलान की जोड़ी ने कम्पोज किया है और ये श्रोताओं के दिलों में घर कर गया है। जुबिन नौटियाल की आवाज में बर्बाद, विशाल मिश्रा का तुम हो तो, सचेत-परंपरा का हमसफ़र और अरिजीत सिंह व मिथुन की जुगलबंदी में धुन, सभी गाने म्यूजिक चार्ट पर टॉप कर रहे हैं।

# ओटीटी पर इस हफ्ते स्पेशल ऑप्स 2
## आप जैसा कोई, मिट्टी समेत 9 नई सीरीज और फिल्में

**मुंबई।** जुलाई के इस नए हफ्ते में जहां सिनेमाघरों में राजकुमार राव एक्शन अवतार में मालिक बनकार आ रहे हैं, वहीं विक्रांत मैसी के साथ शनाया कपूर की डेबयू फिल्म आंखों की गुस्ताखियां भी रिलीज हो रही है। लेकिन, यदि आपका दिल थिएटर जाने का नहीं है, तो ओटीटी पर घर बैठे एक-दो नहीं, बल्कि 9 नई वेब सीरीज और फिल्मों का लुत्फ उठा सकते हैं। इनमें सबसे खास जहां केके मेनन की स्पेशल ऑप्स 2 है, जिसमें वह रॉ अधिकारी हिम्मत सिंह बनकर वापस आ रहे हैं। वहीं, आर माधवन और फातिमा सना शेख की आप जैसा कोई भी रिलीज हो रही है। टोविनो थॉमस की मलयालम एक्शन फिल्म नारिवेट्टा भी हिंदी में आ रही है। वहीं, गांव की सादगी भरी कहानी 'मिट्टी' भी रिलीज हो रही है।



**आप जैसा कोई :** आर माधवन और फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई लगातार चर्चा में है। अब यह ओटीटी पर इसी हफ्ते 11 जुलाई को रिलीज हो रही है। कहानी एक शर्मीले स्वभाव वाले संस्कृत शिक्षक श्रीरेणु त्रिपाठी की है, जिसकी राहें एक फ्रेंच की टीचर मधु बोस से टकराती हैं। दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल उलट हैं। लेकिन, यहां अपोजिट अट्रैक्ट वाला फॉर्मूला काम करता है। दोनों के बीच प्यार पनपता है। पुरातन सोच, उम्र का बंधन, संस्कृतियों की दीवारें टूटती हैं।

**स्पेशल ऑप्स सीजन 2 :** केके मेनन तीसरी बार फिर से रॉ एजेंट हिम्मत सिंह बनकर ओटीटी की दुनिया में धूम मचाने आ रहे हैं। नीरज पांडे की बेहद पॉपुलर वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स सीजन 2 भी इसी हफ्ते रिलीज हो रही है। इससे पहले हम स्पेशल ऑप्स और स्पेशल ऑप्स1.5' में देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक मिशन की बानगी देख चुके हैं। इस नए सीजन में दुश्मन नए जमाने का है। कहानी सायबर-आतंकवाद पर है। सीरीज में इस बार फिर से जहां हमें करण टैकर, विनय पाठक, मुजम्मलि इब्राहिम, सैयामी खेर और मेहर विज देखने को मलेंगे, वहीं ताहिर राज भसीन और प्रकाश राज की भी एंट्री हुई है।

**मिट्टीः एक नई पहचान :** मिट्टीः एक नई पहचान एक दिल को छू लेने वाली ग्रामीण भारत की कहानी पर बनी है। सीरीज में इश्वाक सिंह, श्रुति शर्मा, दीक्षा जुनेजा, योगेन्द्र टिकू और अल्का अमीन प्रमुख किरदारों में हैं। यह एक ऐसे संसार की झलक है, जो अपनापन और परंपराओं से भरपूर है, लेकिन अब बदलाव की दहलीज पर है। कहानी के केंद्र में शहर का एक सफल विज्ञापन कार्यकारी राघव है, जिसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब वह उस गांव की ओर लौटता है, जिसे वह कभी अपना घर कहा करता था। अपने दादा को अंतिम विदाई देने के लिए शुरू हुआ राघव का यह सफर, धीरे-धीरे एक ऐसी यात्रा बन जाता है जहां उसे फिर से अपने उद्देश्य, अपने लोगों और उस जगह की तलाश है, जिसे वह कभी पीछे छोड़ चुका था। 'मिट्टी' वेब सीरीज गुरुवार, 10 जुलाई को रिलीज होगी।

चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में किया काम

# आरके स्टूडियो में मुलाकात, जहरीला इंसान के सेट पर प्यार

### कॅरियर के शीर्ष पर नीतू सिंह ने लिया शादी का फैसला

नीतू कपूर ने साल 1980 में ऋषि कपूर से शादी रचाई। अभिनेत्री जब कपूर परिवार की बहू बनीं, तो वे अपने कॅरियर के शीर्ष पर थीं। ऋषि कपूर के साथ उनकी लव स्टोरी भी कम फिल्मी नहीं। नीतू कपूर शुरुआत में चिंटूजी को पसंद तक नहीं करती थीं। फिर साथ काम करते-करते बातचीत शुरू हुई तो दोनों अच्छे दोस्त बने। यहां तक कि ऋषि कपूर की रूठी गर्लफ्रेंड को मनाने के लिए नीतू सिंह चिट्ठी लिखने में मदद करती थीं। फिर, एक पल ऐसा आया कि दोनों सितारे एक-दूजे को ही दिल दे बैठे।

### ऋषि कपूर को पसंद नहीं करती थीं नीतू

नीतू कपूर और ऋषि कपूर की पहली मुलाकात आरके स्टूडियो में हुई। फिर फिल्म जहरीला इंसान के सेट पर दोनों करीब आए। एक इंटरव्यू के दौरान नीतू कपूर ने बताया था कि, मैं पहली बार उनसे (ऋषि) आरके स्टूडियो में मिली थी, जहां उनकी फिल्म 'बॉबी' की शूटिंग चल रही थी। लेकिन, हमारी ठीक से जान-पहचान फिल्म जहरीला इंसान के सेट्स पर हुई। मुझे पहली बार उनसे मिलकर बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। वो मुझे बात-बात पर टोकते रहे और मुझे लगा कि वो एक बहुत ही रूखे इंसान हैं। लेकिन, फिर आहिस्ता-आहिस्ता दोस्ती हो गई और फिर शादी।

*मुंबई। 'माफ करना जमुना मैंने तुम्हें पगली कहा', अगर आप इंस्टाग्राम की दुनिया से परिचित हैं तो इस डायलॉग पर रील आपकी नजरों से जरूर गुजरी होंगी। सोशल मीडिया पर इस पर धड़ाधड़ रील बन रही हैं। बता दें कि यह डायलॉग साल 1968 में आई फिल्म 'दो कलियां' का है। फिल्म में यह डायलॉग जिस बच्ची ने बोला, आज जमाना उसे अभिनेत्री नीतू कपूर के नाम से जानता है। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया है।*



### चिंटू जी ने इस तरह कही दिल की बात

ऋषि कपूर और नीतू कपूर की ऑनस्क्रीन जोड़ी भी सुपरहिट रही। 70 के दशक में इनकी जोड़ी दर्शकों के बीच काफी पसंद की गई। ऋषि कपूर और नीतू सिंह के बीच अच्छी दोस्ती का रिश्ता बन चुका था। एक दिन ऋषि कपूर ने नीतू कपूर से पूछा कि वे इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हैं, क्या उन्हें शादी-वादी नहीं करनी है? इस पर नीतू ने जवाब दिया, 'किससे करूं मैं शादी'? बस इसी पल ऋषि कपूर ने अभिनेत्री को प्रपोज कर दिया और कहा, 'मुझसे'। इस तरह दोनों की शादी हो गई। ऋषि कपूर अब इस दुनिया में नहीं हैं। अप्रैल 2020 में उनका निधन हो गया।

### ऋषि कपूर ने प्यार और शादी पर कही थी ये बात

*एक बार दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर ने अपनी और नीतू की पहली मुलाकात का किस्सा याद करते हुए कहा था कि 'हम एक-दूसरे के लिए बने थे। बस, जो कहा वो पूरा हो गया। हमारी मुलाकात बहुत जल्दी हो गई थी। जब मैंने अपने कॅरियर की शुरुआत की थी, तब डिंपल कपाड़िया की शादी हो गई थी, ऐसे में मेरे पास काम करने के लिए कोई हीरोइन नहीं थी। इस तरह मैंने नीतू के साथ बहुत सारा काम किया। कभी-कभी तो एक दिन में दो शिफ्ट्स भी किए। एक-दूसरे के साथ हम ज्यादा समय बिताने लगे, जिसकी वजह से हमारे बीच नजदीकियां भी बढ़ने लगीं और हम प्यार में पड़ गए। हम शादी करना चाहते थे। हमारी बड़ी ही नार्मल लाइफ रही है। दूसरे कपल की तरह हमारे बीच भी झगड़े और बहस होते हैं, पर अंत में सब ठीक हो जाता है। हमारे लिए ये सब बहुत आसान रहा है'।*

**खबर संक्षेप**



### सरपंचों व प्रतिनिधियों सीएम को भेजा ज्ञापन

**कोसली।** कोसली क्षेत्र के गांवों के सरपंचों व पंचायत प्रतिनिधियों ने मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम विजय कुमार यादव को ज्ञापन सौंपकर केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की कॉल रिकॉर्डिंग को वायरल करने पर दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज करने और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।



### सुंदरोज में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**कुंड।** गांव सुंदरोज स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में वन महोत्सव अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौलिक मुख्य अध्यापिका कांता देवी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में इको क्लब प्रभारी अध्यापक महेश कुमार के नेतृत्व विद्यालय प्रांगण में अनेक फूलदार, फलदार व छायादार पौधे लगाकर उनका संरक्षण सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया तथा पौधरोपण करके उनका संरक्षण करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एसएमसी सदस्य, अध्यापक सुरेश कुमार, पवन सिंह पीटीआई, अजीत सिंह क्लर्क व अध्यापिका कृष्णा आदि रहे।

### राजस्थान से रेवाड़ी पहुंची मां वैष्णों की पदयात्रा

**रेवाड़ी।** कारोली राजस्थान के गांव लांगरा बुगडार से चलकर मां वैष्णों देवी को जा रही 13वीं पदयात्रा का जत्था रेवाड़ी पहुंचा। शहर के आजाद चौक स्थित शिव मंदिर में पुजारी सुमन भारद्वाज तथा भक्त दिनेश शर्मा की अगुवाई में पदयात्रियों का स्वागत किया गया। शाम के समय श्रद्धालुओं ने महामाई के भजनों पर नृत्य कर यात्रा को झज्जर के लिए रवाना किया। मां वैष्णो देवी भक्त मंडल की ओर से धर्मेश जिंदल तथा रमेश चंद मीणा की अगुवाई में श्रद्धालुओं का दल गत 30 जून को कारोली से चला था। यात्रा के रेवाड़ी पहुंचने पर शिव मंदिर में स्वागत किया गया।

### पूजना कुआं स्थित मंदिर में शिव परिवार की हुई स्थापना

**कोसली।** कोसली के मल्लुपुरा मोहल्ले में पूजना कुआं स्थित मंदिर में मंगलवार को शिव दरबार की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हवन के साथ संपन्न हो गया। शिव दरबार की स्थापना स्व. कैप्टन रोहतास सिंह की स्मृति में उनके परिजनों ने कराई है। इससे पूर्व सोमवार को भगवान शिव परिवार की शोभा यात्रा, झांकी वा रात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर मठ के महंत शिव पुरी महाराज, धीरज गिरी महाराज, सूबेदार नरेंद्र यादव, कैलाश राव, महेंद्र सिंह, रामफल कोसलिया, सहीराम, देवेंद्र पंच, सर्वसुख, पंडित गुरुदत्त रहे।

सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में परिवहन विभाग आमजन की सुविधा के लिए उठा रहा खास कदम : विधायक

# बावल से चंडीगढ़ के लिए एसी बस का संचालन शुरू, क्षेत्र के लोगों को मिला आरामदायक सफर

**बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार ने एसी बस को दिखाई हरी झंडी, पहले दिन बावल से 20 यात्री हुए चंडीगढ़ रवाना**





रेवाड़ी। बावल से एसी बस को चंडीगढ़ के लिए रवाना करते विधायक व एसी बस में विधायक के साथ बैठे यात्री। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

मंगलवार की अल सुबह बावल बस स्टैंड से चंडीगढ़ वाया दिल्ली हरियाणा राज्य परिवहन रेवाड़ी डिपो की एसी बस का संचालन शुरू किया गया। बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने एसी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वयं भी इस बस से यात्री टिकट लेकर चंडीगढ़ के लिए रवाना हुए। इस मौके पर विधायक डा. कृष्ण ने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जनसेवा को समर्पित हो हर पहलू पर ध्यान देते हुए आमजन को सरकारी सेवाएं प्रदान कर रही है। सरकारी सेवाओं को लाभ प्रभावी रूप से आमजन तक पहुंचे इसके लिए जनप्रतिनिधि अपना दायित्व निभा रहे हैं। उन्होंने बावल क्षेत्र के लिए एसी बस देने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में चहुंमुखी विकास करा रही है। उन्होंने कहा कि मजबूत सडक तंत्र को विकसित करते हुए सुगम यातायात सुविधा प्रदान करने में सरकार पूरी तरह से सजग है और आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग ने यात्रियों की सुविधा के लिए प्रदेश में नई बसें चलाकर सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अब बावल क्षेत्र के यात्री भी चंडीगढ़ रूट पर एसी बस से आरामदायक सफर कर सकेंगे। पहले दिन एसी बस में बावल से 20 यात्री चंडीगढ के लिए रवाना हुए। इससे पहले रेवाड़ी व कोसली से चंडीगढ़ के लिए एसी बसों का संचालन शुरू किया जा चुका है। रोडवेज डिपो के महाप्रबंधक प्रदीप अहलावत ने बताया कि एसी बस सामान्य बस से अधिक सुविधाजनक हैं। एसी बस का किराया सामान्य बसों से डेढ़ गुना तथा वोल्वो बसों से कम है। इस बस में कोई भी स्टॉफ व पास मान्य नहीं है। उन्होंने बताया कि ये बस सुबह 4:30 बजे चंडीगढ़ के लिए रवाना होगी और चंडीगढ़ से इस बस की वापसी शाम 4:30 बजे होगी। एसी बस का बावल से किराया 609 रुपये रहेगा, जबकि नार्मल बस का किराया 410 रुपये है। उन्होंने विधायक डा. कृष्ण कुमार का अभिनंदन किया और बस के रूट के बारे में जानकारी भी दी। बावल क्षेत्र के लोगों ने चंडीगढ़ रूट पर एसी बस चलवाने पर विधायक का आभार प्रकट किया।

## पचास प्रतिशत डिस्काउंट के लालच में करोड़ों की ठगी

*लोगों का कहना कि शोरूम संचालकों की ओर से 6 दिन पहले पैसे जमा कराने पर 25 प्रतिशत व 12 दिन पहले पूरे पैसे जमा कराने पर 50 प्रतिशत डिस्काउंट देने का लालच देकर लोगों को फंसाया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। दुकान के बाहर सामान बुक की रसीद दिखाते लोग व दुकानदार का फोटो दिखाते लोग।

शहर के बूढ़पुर रोड स्थित यादव नगर में सैकड़ों लोग 50 प्रतिशत तक डिस्काउंट के लालच में आकर करोड़ों रुपये की ठगी के शिकार हो गए। मंगलवार सुबह जब लोग अपना बुक कराया सामान लेने पहुंचे तो शोरूम को बंद देखकर उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई। इसके बाद लोगों ने जमकर हंगामा किया। सूचना पर रामपुरा थाना पलिस भी मौके पर पहुंच गई। बूढ़पुर रोड स्थित यादव नगर में पूर्णिमा ट्रेडर्स के नाम से फर्नीचर व अन्य घरेलू सामान का शोरूम खोला गया था। लोगों का कहना कि शोरूम संचालकों की ओर से 6 दिन पहले पैसे जमा कराने पर 25 प्रतिशत व 12 दिन पहले पूरे पैसे जमा कराने पर 50 प्रतिशत डिस्काउंट देने की बात कही गई थी। लोगों के अनुसार कि धंधा जमाने के लिए दो बार लोगों को सस्ते में भी सामान दिया गया। सामान बुक करते समय बाकायदा रसीद भी दी गई। जिन लोगों ने सामान बुक कराया था, वो मंगलवार को मिलना था। जब वे सामान लेने के लिए पहुंचे तो शोरूम को बंद देखकर हक्के-बक्के रह गए। लोगों ने बताया कि 12 जुलाई तक लोगों का सामान बुक किया हुआ है तथा लोगों ने सस्ते के लालच में करोड़ों रुपये जमा कराए हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दुकानदार सभी के करोडों रुपये लेकर फरार हो गए। शोरूम पर लिखे मोबाइल नंबर भी बंद आ रहे हैं। ठगी का शिकार हुए लोगों ने दुकानदारों के फोटो भी दिखाए हैं।

### दुकान के एग्रीमेंट में तमिलनाडु का पता

पुलिस के अनुसार दुकान मालिक के साथ जो एग्रीमेंट किया था, उस पर तमिलनाडु का पता है। रामपुरा थाना एसएचओ विद्या सागर ने बताया कि लोगों की ओर से शिकायत मिली है, जिस पर करीब 35 लोगों के हस्ताक्षर है। जांच के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।



रेवाड़ी। जवान के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित करते गांव के सरपंच।

### नेहरूगढ़ में एसएसबी के जवान का सैनिक सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**कोसली।** एसएसबी की 9 बटालियन मैकेनिकल शाखा में कार्यरत नेहरूगढ़ गांव निवासी एचसी मनोज कुमार का सोमवार शाम गांव की श्मशान भूमि में सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। 42 वर्षीय मनोज की पोस्टिंग उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में थी। रविवार को उनका ब्रेन हेमराज से निधन हो गया था। एसएसबी उपनिरीक्षक प्रेम पाल अपनी टुकड़ी के साथ उनके पार्थिव शरीर को लेकर गांव पहुंचे। अंतिम संस्कार में कोसली के थाना प्रभारी कश्मीर सिंह, गिरदावर बीरसिंह, हल्का पटवारी चमन गर्ग, सरपंच आशीष प्रजापति, सुरेश नंबरदार, पूर्व सरपंच महिपाल सिंह, महासिंह, नरपाल, महेंद्र, सोनू राजपूत, प्रवीण कुमार, कर्ण सिंह, नरेश, जितेंद्र, राकेश पंच, शिवलाल, भूपसिंह पंच व दीपक सहित गांव के अनेक लोग मौजूद थे।

## विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देती पुलिस।

ट्रैफिक पुलिस की ओर से लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस ने सेंसोरियम पब्लिक स्कूल, गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल धारूहेड़ा व बिठवाना में शिक्षकों व विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों सहित नशे के दुष्प्रभावों व समय पर चालान भरने के प्रति जागरूक किया। पुलिस ने विद्यार्थियों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने, रॉन्ग साइड ड्राइविंग न करने, वाहन चलते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने व नशीले पदार्थो का सेवन न करने की सलाह दी। उन्होंने शिक्षकों व अभिभावकों को नाबालिग बच्चों को टू और फोर व्हीलर गाड़ी न चलाने देने की भी हिदायत दी। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर खेलों में भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया गया। ट्रैफिक थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार ने कहा कि ट्रैफिक नियमों को अपनी रोजाना की जिंदगी में अपनाना बहुत जरूरी है, इसको नजरअंदाज करने से हमारे जीवन में बहुत से सडक हादसे हो सकते हैं। अधिकांश सड़क हादसे चालक की गलती से होते हैं। इसलिए वाहन चलते रोंगटर्न, ओवरस्पीड व रैश ड्राइविंग पर कंट्रोल रखें। साथ सीट बेल्ट का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि ई-चालान प्रणाली के जरिए वाहन मालिक अपने चालान को ऑनलाइन देख सकते हैं और तुरंत भुगतान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अब चालकों को 90 दिनों में चालान भरना अनिवार्य है। अगर इस समय सीमा का पालन नहीं किया गया।

### सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए 31 तक करें आवेदन

**रेवाड़ी।** गृह मंत्रालय की ओर से गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामतः पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए ऑनलाइन नामांकन करने के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड.जीओवी.इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति को अधिकतम 800 शब्द का एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र देना होगा, जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र या विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों का स्पष्ट उल्लेख हो।

डीसी ने बताया कि पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है।

## रामगढ़ भगवानपुर में धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रामगढ़-भगवानपुर अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी का धरना प्रदर्शन मंगलवार को 22वें दिन में प्रवेश कर गया। धरने पर रामगढ़ भगवानपुर के अलावा बुड़ाना, बुड़ानी, फिदेड़ी, तुर्कियावास, बालियर खुर्द, फदनी, मीरपुर, गोकुलपुर व कुंभावास सहित अनेक गांव ग्रामीण थे। मंगलवार को रानी की ड्योढ़ी से बिजेंद्र सिंह ने धरने पर अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि रामगढ़ भगवानपुर ग्राम पंचायत की मांग जायज है। गांव ने शहर के लिए 10 एकड़ जमीन जलघर बनाने के लिए दी है। अब केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को अपना वादा निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल बनाने की जगह भी उपयुक्त है। प्रदेश की सरकार को इस मुद्दे पर गंभीरता दिखाते हुए जल्द से जल्द कार्रवाई करनी चाहिए। संघर्ष कमेटी की ओर से सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने सरकार व स्वास्थ्य मंत्री आरती राव से अस्पताल के लिए अप्रूवल दिलाने का आग्रह किया। धरने पर वक्ताओं ने 13 जुलाई को होने वाले पैदल मार्च में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने की अपील की। रिटायर्ड हैड मास्टर राव उदय राज,अभय सिंह फिदेडी, मास्टर प्रेम प्रकाश बुड़ाना व शेर सिंह ने भी अपने विचार रखे।



रेवाड़ी। सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण।

### धरना-प्रदर्शन के दौरान ये रहे मौजूद

इस मौके पर लालसिंह, कॉमरेड रमेशचन्द्र, रविन्द्र, रामकुमार, मोहर सिंह, महीपाल सिंह फदनी, शीशपाल, नरेश, मनोज अन्ना, सतीश सरपंच, कंवर सिंह फोरमैन,अनिल सरपंच गोकुलपुर, पवन शर्मा, इंद्रजीत, सत्यवीर सरपंच, इंद्रजीत नंबरदार, गणेश चंद, सुरेन्द्र सिंह इंस्पेक्टर, दयाराम, राजकुमार, राजबीर, वीरेंद्र सिंह, रोशनलाल, रामनारायण, राजबाला, राजेश्वरी, ग्यारसी, शकुंतला, बिमला, कमला, सुनीता, कृष्णा, आशा व रमेश सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

**सावन शुरू होने से पहले देखने को मिलेगी मल्हारों की झड़ी**

## सूरज की चमक ने बढ़ाई उमस, आज से करवट ले सकता है मौसम

- एक सप्ताह तक परिवर्तनशील बना रहेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। एक खेत में बाजरे की फसल से छाई हरियाली। फोटो :हरिभूमि

दो दिन बाद सावन माह दस्तक दे रहा है। इससे पूर्व मानसून की बरसात तो हुई है, परंतु अभी अच्छी बरसात का इंतजार खत्म नहीं हुआ है। आसमान साफ होते ही भारी उमस लोगों का जमकर पसीना निकालने लगती है। मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल रहा है। 9 जुलाई से तीन-चार दिन तक अच्छी बारिश होने की उम्मीद है, जिससे सावन माह की शुरूआत झड़ी लगने से हो सकती है।

मंगलवार को सुबह के समय आसमान में बादल गहराए रहे। कुछ इलाकों में हल्की फुवारें गिरीं। दोपहर तक आसमान साफ हो गया। सूरज की तपिश ने वातावरण में नमी के साथ उमस पैदा कर दी। अधिकतम तापमान 2.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 35.0 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री की वृद्धि के साथ 23.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 65 फीसदी तक रहा, जबकि हवा की रफ्तार 11 किमी प्रति घंटा रही। दोपहर तक उमस व चिपचिपी गर्मी ने लोगों को जमकर परेशान किया। कूलरों की हवा बेअसर साबित हुई। लोग दोपहर बाद तक पसीना-पसीना होते रहे। शाम के समय एक बार फिर से आसमान में बादल छा गए। इससे बारिश की संभावना बन गई। मौसम विभाग के अनुसार लगभग एक सप्ताह मौसम में बार-बार देखने को मिल सकता है। बुधवार को कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। 11 जुलाई से सावन माह की शुरूआत होने जा रही है। मानसून की सक्रियता के चलते सावन माह के शुरू में ही बारिश की झड़ी लग सकती है। इस दौरान तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

### फसलों के लिए टॉनिक रहा मौसम

*खरीफ की फसलों में किसानों ने सात हजार हेक्टयेर भूमि पर कपास और नब्बे हजार हेक्टेयर पर बाजरे की खेती की हुई है। कुछ किसानों ने तिलहन और दलहन की खेती भी की हुई है। बार-बार बूंदाबांदी या बरसात के कारण सभी खरीफ फसलों को अच्छा फायदा मिल रहा है। सावन से पहले ही खेतों में हरियाली छाई हुई है। फसलों का तेजी से विकास हो रहा है। अगर मौसम इसी तरह का बना रहता है, इन फसलों का उत्पादन भी अच्छा होने की संभावना बनी रहेगी।*

### पर्यावरण संरक्षण में अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए विभाग व आमजन पौधारोपण अवश्य करें: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि पर्यावरण संतुलन में पेड़-पौधों की महत्ती भूमिका है और अधिक से अधिक पौधारोपण करते हुए हम वातावरण को शुद्ध रखकर पर्यावरण संरक्षण में सजग प्रहरी की भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की पर्यावरण संरक्षण पहल के तहत जिले में एक पेड़ मां के नाम 2.0 पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी के साथ हरा भरा वातावरण तैयार किया जा रहा है।

डीसी मीणा ने कहा कि मानसून का मौसम पौधारोपण के लिए उपयुक्त है, ऐसे में सभी विभाग अपने स्तर पर अधिक से अधिक पौधे लगाकर इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान, पंचायतों, कार्यालय परिसरों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर खाली पड़ी भूमि का उपयोग करते हुए पौधारोपण किया जाए। उन्होंने पौधों की सुरक्षा और नियमित देखभाल पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करें और बच्चों को भी पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम से जोड़ा जाए।

**सूचना**

हम, राजसिंह पुत्र श्री बलबीरसिंह व सुशीला पत्नी श्री राजसिंह निवासी ग्राम शाहपुर, तहसील व जिला रेवाड़ी बयान करते हैं कि हमारा पुत्र प्रतीक हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### महिला पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना गलत


निशा राठौड़

खोल। गांव रामगढ़ भगवानपुर में सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर धरने के दौरान कैबिनेट मंत्री आरती राव पर की गई अशोभनीय टिप्पणी पर राव समर्थकों का रोष बढ़ रहा है। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री और गुमीना की पूर्व सरपंच एडवोकेट निशा राठौड़ ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और उनके परिवार ने हमेशा इलाके के विकास की लड़ाई लड़ी है और बिना भेदभाव के विकास कराया है।

### जनगणना के लिए फॉलो करें सोशल मीडिया हैंडल

रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि भारतीय जनगणना-2027 के लिए जनगणना परिचालन विभाग भारत सरकार की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं, जो प्रशासन की सक्रिय भागीदारी व आपसी सहयोग से ही समयबद्ध कार्य पूरा किया जाएगा। जनगणना 2027 के संदर्भ में प्रारंभिक कार्य तहसीलों से गांवों की सूची एकत्र करने का काम शुरू किया जा रहा है। डीसी मीणा ने कहा कि जन जागरूकता के लिए सोशल मीडिया एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म है। भारतीय जनगणना 2027 की सभी अधिकारिक जनगणना अपडेट और अधिक जानकारी के लिए सोशल मीडिया हैंडलस से जुड़कर नवीनतम जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## खोल खंड के पंचायत प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा

# धधकने लगे आरती पर टिप्पणी की चिंगारी, पंचायत में की कड़ी निंदा

### निंदा प्रस्ताव के साथ धरने पर रोक लगाने की मांग, 20 गांवों की हुई पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अस्पताल निर्माण की मांग को लेकर रामगढ़ भगवानपुर में चल रहे धरने के दौरान हुई महापंचायत में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और उनकी बेटी आरती राव के प्रति अमर्यादित भाषा के इस्तेमाल का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को पाली के एक होटल में खोल खंड के 20 से अधिक गांवों के पंच-सरपंचों ने एकत्रित होकर निंदा प्रस्ताव पास किया। साथ ही प्रशासन से ऐसे धरने पर रोक लगाने की मांग की, ताकि ग्रामीणों का आपसी भाईचारा नहीं बिगड़े।

मंगलवार को माजरा के सरपंच रविंद्र हाथी की अध्यक्षता में खोल खंड के पंच-सरपंचों की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए रविंद्र हाथी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह इलाके के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। उन्हीं के प्रयासों से माजरों में एम्स की सौगात मिली है। लोकतंत्र में आंदोलन करना सभी का अधिकार है, परंतु आंदोलन की आड़ में अमर्यादित भाषा के इस्तेमाल की अनुमति किसी को नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री आरती राव भी इस इलाके का गौरव हैं। उनके प्रति टिप्पणी करना महिला जगत का अपमान है। इस तरह के आंदोलन की आड़ में अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वाले लोगों को तुरंत माफी मांगनी चाहिए। ढाणी राधा के सरपंच संजय कुमार ने कहा कि रामगढ़ भगवानपुर में चल रहे धरने के दौरान राव और उनकी बेटी के प्रति की गई टिप्पणी से आपसी भाईचारा खराब हो रहा है। ऐसे धरने पर प्रशासन को तुरंत रोक लगानी चाहिए। कई अन्य वक्ताओं ने भी आरोप लगाए कि राजनीति चमकाने के लिए बाहरी लोगों ने धरनास्थल पर आकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया है।


रेवाड़ी। पंचायत में मौजूद खोल खंड के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

#### इन गांवों के जनप्रतिनिधि हुए शामिल

बैठक में कुंड के सरपंच प्रतिनिधि अनंतराज शर्मा, मायन के सरपंच भूपेंद्र, बवाना गुर्जर से सरपंच रामकरण, खोल के सरपंच बीरसिंह, कोलाना के सरंपच राजीव कुमार, मामड़यिा आसमपुर के सरपंच अशोक कुमार, चेतन सिंह सरपंच, आजाद नांधा, घनश्याम कोलाना, बलबीर, रामकरण, राजकुमार, राजीव कुमार, अनिल यादव, जितेंद्र कुमार, बलबीर सिंह, धर्मबीर यादव, चिमनावास के सरपंच नरेंद्र यादव, गुमीना के पूर्व सरपंच कुलदीप सहित बड़ी संख्या में पंच-सरपंचों ने हिस्सा लिया।

#### आरती देश व इलाके का गौरव, उनका अपमान बर्दाश्त नहीं : सुनील

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील मुसेपुर ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव बहुआयामी प्रतिभा की धनी हैं। उन्होंने एशियन गेम्स से लेकर अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश के लिए मेडल जीतकर इलाके का नाम रोशन किया है। अब वह राजनीति के मैदान में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। आरती राव इस इलाके की शान हैं। आंदोलन की आड़ में उन पर की गई टिप्पणी न सिर्फ आरती, बल्कि पूरे महिला जगत का अपमान है। इससे इलाके की जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई है। आरती पर टिप्पणी करने वाले लोगों को सार्वजनिक मंच पर आकर माफी मांगनी चाहिए।


रेवाड़ी। डीआरओ प्रदीप देशवाल को ज्ञापन सौंपते हुए डीएससी समाज।

## डीएससी समाज ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीएससी संघर्ष समिति की ओर से मंगलवार को प्रधान विजय सिंह इंदौरा की अध्यक्षता में जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने डीआरओ प्रदीप देशवाल को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर डीएससी प्रधान इंदौरा ने कहा कि सरकार ने अनुसूचित जातियों के आरक्षण में वर्गीकरण करके डीएससी वर्ग को नौकरियों में अलग से 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है, लेकिन जो लोग ओएससी वर्ग से संबंध रखते हैं वे डीएमसी वर्ग का फायदा उठाने के लिए मेघ, मेघवाल तथा कबीर पंथी जाति का प्रयोग कर रहे हैं। इस प्रकार ये लोग डीएससी वर्ग का आरक्षण हड़पना चाहते हैं। ये अपना जाति प्रमाण पत्र मेघ, मेघवाल और कबीरपंथी जाति के नाम से बनवा रहे हैं। इससे डीएससी वर्ग के लोगों में काफी रोष है। डीएससी वर्ग ने सरकार से मेघ, मेघवाल तथा कबीरपंथी जाति को डीएससी वर्ग से बाहर करके ओएससी वर्ग में शामिल करने की मांग की है तथा जिन्होंने मेघ, मेघवाल तथा कबीरपंथी जाति के प्रमाण पत्र बनवाए हैं, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भूपसिंह खरेरा, सुभाष सोलंकी, धर्मपाल सोलंकी, विनोद कुमार वाल्मीकि, देशराज डाबला, ताराचंद कोली, नरेश कुमार, कुलदीप सरोहा, गजराज निनानियां, धर्मपाल सुठानी, देशराज खनगवाल, सुरेंद्र सोलंकी, रवि इंदौरा, अशोक कुमार मसीत, रामअवतार पचेरवाल, धनपत सिंह, कमलेश डाबला, जगत निनानियां, सुधीर कुमार एडवोकेट, संजय माहौर एडवोकेट,धर्मपाल सोलंकी, रमेश कुमार निनानियां व ब्रह्मदत्त सहित अनेक लोग उपस्थित थे।


रेवाड़ी। आईजीयू में स्टाफ की बैठक लेते कुलपति।

## आईजीयू में शुरू होंगे पत्रकारिता व जनसंचार और हरियाणवी संस्कृति से संबंधित कोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- विवि में 5 वर्षीय पत्रकारिता और जनसंचार कोर्स शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने मंगलवार को विभिन्न संकायों के अधिष्ठाताओं के साथ मीटिंग की, जिसमें विभिन्न विषयों पर मंथन किया गया। मीटिंग में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर सुनील कुमार की ओर से विश्वविद्यालय में 5 वर्षीय पत्रकारिता और जनसंचार कोर्स शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर कुलपति ने सभी अधिष्ठाताओं के सुझाव मांगे और इस पर विस्तृत रूपरेखा बनाने के निर्देश दिए। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय शीघ्र ही भागवत गीता विषय पर सर्टिफिकेट कोर्स आरंभ करेगा। इसके अतिरिक्त हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऐसे कोर्स शुरू किए जाएंगे, जहां हरियाणवी साहित्यकारों के विषय में विद्यार्थियों को बताया जाएगा और विभिन्न प्रकार के कौशल विकास कोर्स भी शुरू किए जाएंगे, जिनमें विभिन्न प्रकार की कलाएं, कौशल और लोकल हुनर को सिखाने वाले स्किल कोर्स भी शामिल किए जाएंगे। कुलपति ने विद्यार्थियों का संप्रेषण कौशल सुधारने के लिए भी संबंधित कोर्स शुरू करने की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नए सत्र में सुचारू रूप से विद्यार्थियों के लिए कक्षाएं लगाई जाए और उनके सर्वांगीण विकास के लिए सभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें।

## दिव्यांग बच्चों के लिए 19 से 24 तक आयोजित होंगे जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में आगामी 19 से 24 जुलाई तक दिव्यांग बच्चों के लिए मेडिकल कैंप आयोजित किए जाएंगे, जिसमें नेत्र रोग, ईएनटी, फिजिशियन, मनोचिकित्सक, हड्डी रोग व अन्य विशेष चिकित्सा बच्चों की स्वास्थ्य जांच करेंगे। एडीसी राहुल मोदी ने मंगलवार को बैठक में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, सिविल सर्जन, रेडक्रॉस व समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को कैंप संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कैंप में जिनकी भी ड्यूटी लगाई गई है, उसे पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाएं और स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखे। एडीसी ने कहा कि सामान्य अध्यापक दिव्यांग बच्चों के पूर्ण चैकअप के बाद वापस लेकर जाए। उन्होंने कैंप में मेडिकल एसेसमेंट के बाद दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कार्यवाहक जिला शिक्षा अधिकारी-सह-जिला परियोजना संयोजक राजेन्द्र शर्मा, उप-अधीक्षक प्रदीप कुमार, एपीसी कृष्ण, हेमंत कुमार, सुन्दर सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी बावल, जाटूसाना, खोल, नाहड़ व रेवाड़ी, सभी प्राचार्य-सह-बीआरसी आईईडी मॉडल विद्यालय, विशेष अध्यापक राकेश कुमार व नूतन नेहरा उपस्थित थे।

# कांवड़ यात्रा को लेकर जिला पुलिस अलर्ट, हर गतिविधि पर रहेगी नजर

- एसपी हेमेंद्र मीणा ने की कांवड़ लेने जाने वाले श्रद्धालुओं से अपनी आईडी व सभी जानकारी थाने में उपलब्ध कराने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

श्रावण मास में जिले से काफी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ यात्रा पर जाते हैं। पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने कांवड़ यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सभी थाना प्रभारियों व चौकी इंचार्जों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। एसपी ने कांवड़ लेने के लिए जाने वाले श्रद्वालुओं से भी सहयोग की अपील की है। एसपी ने कहा कि कांवड़ व डाक कांवड़ लेने जाने से पूर्व सभी श्रद्धालु अपने संबंधित थाने में अपनी एक आईडी की फोटोकॉपी के साथ गांव का नाम, जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या व उनकी आईडी, मोबाइल नंबर, वाहन नंबर, वाहन मालिक का नाम व मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने के उपरांत ही यात्रा पर जाएं, ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान अगर किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो संबंधित प्रदेश की पुलिस से समन्वय स्थापित कर समय रहते समाधान किया जा सकें। श्रावण माह के शुरूआत से ही 11 जुलाई से श्रद्धालु हरिद्वार उत्तराखंड से कांवड़ लेकर अपने गंतव्य की तरफ प्रस्थान करेंगे। हरियाणा के विभिन्न जिलों के अतिरिक्त राजस्थान से भी कांवड़िए जिला रेवाड़ी के रास्ते अपने गंतव्य पर पहुंचते हैं। कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन व कांवडियों की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस की ओर से समय रहते सुरक्षा के सभी पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। सभी मार्गों पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाने के साथ ही मुख्य चौक-चौराहों पर बैरिकेडिंग कराई जाएगी। इसके अलावा पीसीआर, राइडर दिन-रात्रि 24 घंटे के लिए तैनात की जाएगी।

#### पुलिस विभाग अलर्ट



पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस विभाग अलर्ट है। कांवड़ यात्रा में किसी प्रकार का कोई हथियार, नुकीले भाले इत्यादी लेकर चलने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी।

*खिलाड़ियों को 3.50 लाख रुपए की खेल सामग्री वितरित की*

# गवर्नमेंट स्कूल कंवाली के खिलाड़ियों को वितरित की खेल गई सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाटूसाना

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंवाली के खिलाड़ियों को मंगलवार स्कूल प्रबंधन की ओर से हॉकी खेल को बढ़ावा देने के लिए खेल सामग्री वितरित की गई। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य अनिल यादव ने बताया कि इस वर्ष स्कूल के खिलाड़ियों ने राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय प्रबंधन ने खिलाड़ियों को 3.50 लाख रुपए की खेल सामग्री वितरित की, जिसमें हॉकी स्टिक्स, गोलकीपर किट, लेग गार्ड, गेंद, सॉक्स, फुल ड्रेस, गोल पोस्ट व नेट सामग्री शामिल रही। उन्होंने बताया कि विद्यालय की छात्रा ज्योति तथा रिंकी ने इसी वर्ष स्कूली नेशनल टूर्नामेंट में हरियाणा की टीम का प्रतिनिधित्व किया तथा राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय, क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया।


रेवाड़ी। स्कूल में खिलाड़ियों को खेल सामग्री वितरित करते प्राचार्य व स्टाफ।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हॉकी कोच वीरेंद्र सिंह ने प्राचार्य को आश्वासन दिया कि आने वाले वर्ष में खिलाड़ी और भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गांव तथा विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य विजय सिंह, श्रीभगवान, अनिल कुमार, राम सिंह, मिथिलेश कुमारी, सुनीता कुमारी, पूजा यादव, पिंकी यादव, अदिति, किरण कुमारी, सुमेर सिंह, प्रदीप कुमार, करण सिंह, सोनू पीटीआई, विजेंद्र बाबू, राकेश, दिनेश, जितेंद्र व रमेश देवी उपस्थित थे।

## यदुवंशी स्कूल के दो विद्यार्थियों ने सीए परीक्षा में पाई सफलता

- चेयरमैन ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


छात्र तुषार


छात्रा कोमल

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के छात्रों ने चार्टर्ड अकाउंटेंट इंटरमीडिएट परीक्षा में सफलता हासिल की है। स्कूल के छात्र तुषार ने सीए परीक्षा द्वितीय स्तर पर उत्तीर्ण की, जबकि छात्रा कोमल ने प्रथम स्तर की परीक्षा में सफलता हासिल की। विद्यालय डीन मुकेश यादव व प्राचार्य सुकेंद्र सिंह ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा छात्रों को उनकी मेहनत और समर्पण ने इस मुकाम तक पहुंचाया है। यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय की शिक्षा प्रणाली और शिक्षकों की मेहनत का परिणाम छात्रों के भविष्य में दिखाई देता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260


**जागरूक** जानकारी के अभाव में बिजली चोरी के केसों में फंस रहे उपभोक्ता

# घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को जागरूक करेगा निगम निर्माण के समय टैंपरेरी कनेक्शन लेना जरूरी

*निर्माणकार्य के समय मशीनें बिजली की खपत कमर्शियल की श्रेणी में आ जाती है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अक्सर भवन निर्माण या पुराने मकानों की रिपेयर के समय उपभोक्ता घरेलू बिजली का इस्तेमाल करते हैं। निर्माणकार्य के दौरान मशीनें चलाते समय बिजली की खपत कमर्शियल की श्रेणी में आ जाती है। बिजली निगम की टीमें ऐसे में उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली चोरी के मामले तैयार करते हैं। अब बिजली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह उपभोक्ताओं को मकान निर्माण या मरम्मत के लिए अस्थाई बिजली कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित करें, ताकि उन पर जुर्माने का अतिरिक्त भार नहीं पड़े। नए भवन निर्माण करने वाले लोग मशीनें या पानी के पंप चलाते समय बिजली की चारी करते हैं। पुराने मकानों की मरम्मत के लिए बिजली उपकरणों का इस्तेमाल भी एक तरह से बिजली चोरी की कैटेगिरी में आता है, परंतु आम उपभोक्ताओं को इसकी जानकारी नहीं होती। बिजली निगम की ओर से नया मकान बनाते या पुराने मकान की मरम्मत के समय टैंपरेरी कनेक्शन लेने की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। ऐसे कनेक्शन लेने पर बिजली का खर्च कुछ ज्यादा होता है, परंतु यह बिजली अधिनियम की उल्लंघना करने से बचाता है। जानकारी के अभाव में लोग टैंपरेरी बिजली कनेक्शन नहीं ले पाते, जिस कारण पकड़े जाने पर उनके खिलाफ बिजली अधिनियम 2003 की धारा 126 के तहत कार्रवाई की जाती है। उपभोक्ताओं को इस केस के तहत मोटा जुर्माना भुगतान करना पड़ता है। बिजली कनेक्शन होने के बावजूद मकान निर्माण के समय बिजली यूज करने से बनाए गए केस उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बन जाते हैं।


रेवाड़ी। झज्जर रोड स्थित बिजली पावर हाउस। फोटो : हरिभूमि

#### अपीलेंट अथॉरिटी ने लिखे एक्सईएन को पत्र



इस तरह की बिजली चोरी के मामलों में एचवीपीएन के एक्सईएन अपीलेंट अथॉरिटी हैं। एक्सईएन संजय यादव ने बताया कि बड़ी संख्या में ऐसे मामले आते हैं, जिनमें उपभोक्ताओं को निर्माण के समय घरेलू बिजली का इस्तेमाल वर्जित होने की जानकारी ही नहीं होती। इसी वजह से उन्होंने सर्कल के सभी एक्सईएन को पत्र लिखकर उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए मुहिम चलाने के निर्देश दिए गए हैं। उपभोक्ता अगर भवन निर्माण या रिपेयर के समय टैंपरेरी कनेक्शन लेते हैं, तो वह बिजली अधिनियम के तहत होने वाली कार्रवाई से बच सकते हैं। साथ ही उपभोक्ताओं का इससे डिस्कॉम के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा।